रोहतक

बुधवार, 21 मई 2025

ज्येष्ठ मास कृष्ण पक्ष, नवमी वर्ष : 29, अंक : 110

पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


**मौसम**

अधि. 45.6

न्यून. 24.2

**बाजार का हाल**

| मार्केट | बंद | गिरावट |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 81,186.44 | 872.98 ▼ |
| निफ्टी | 24,683.90 | 261.55 ▼ |

| धातु | कीमत | उछाल |
|---|---|---|
| सोना | 96,540 /- | 490/- ▼ |
| चांदी | 97,500/- | 1000/- ▼ |

(सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो रु. में)

| मुद्रा | प्रति डॉलर | नीचे |
|---|---|---|
| रुपया | 85.58 | 16 पैसे ▼ |
| क्रूड ऑयल 65.45/ बैरल | | 0.14% ▼ |

पेट्रोल दिल्ली में 94.72 रु. लीटर और डीजल 87.62 रु. लीटर बिक रहा है।




Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office: Plot No. 1, Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) – 122050, India; Website: www.honda2wheelersindia.com; Customer Care: customercare@honda.hmsi.in





## पाक के लिए जासूसी के आरोप में हिसार से हुई थी गिरफ्तारी, मिलिट्री इंटेलिजेंस, एनआईए व आईबी ने खंगाली डिटेल

# यूट्यूबर ज्योति से हिसार में छह घंटे तक पूछताछ

**बैंक खातों व दस्तावेजों की भी की जा रही जांच**

**यूट्यूब चैनल, वित्तीय लेन-देन व यात्रा विवरण की भी पड़ताल**

**ज्योति की पाकिस्तानी हैंडलर के साथ व्हाट्सएप चैट भी मिली**

**आईएसआई अफसर अली ने किया था ज्योति के घूमने-फिरने का बंदोबस्त**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

पाक के लिए जासूसी के आरोप में गिरफ्तार यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा पर जांच एजेंसियों का शिकंजा कसता जा रहा है। मंगलवार को राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए), गुप्तचर ब्यूरो (आईबी) व सैन्य खुफिया अधिकारियों (मिलिट्री इंटेलिजेंस ) ने ज्योति से 6 घंटे पूछताछ की। मिलिट्री इंटेलिजेंस ने ज्योति से पूछा कि पाकिस्तानी दूतावास में तैनात अधिकारी अहसान उर रहीम उर्फ दानिश के संपर्क में कब और कैसी आई। पहलगाम घटना से उसके लिंक के बारे में पूछताछ की। उधर, पुलिस की मानें तो ज्योति नवंबर 2023 से मार्च 2025 तक दानिश के संपर्क में थी। ज्योति से आईबी, एनआईए, मिलिट्री इंटेलिजेंस के अलावा हरियाणा पुलिस की सीआईए, सिविल लाइन थाना पुलिस भी पूछताछ करने में जुटी है। फिलहाल न्यू अग्रसेन कॉलोनी की रहने वाली ज्योति पांच दिन के रिमांड पर है उसका रिमांड बुधवार को खत्म होगा। संभावना है कि ज्योति को गुरुवार को कोर्ट में पेश कर फिर से रिमांड पर लिया जा सकता है। चार दिन की पूछताछ में जांच एजेंसियों को कई ठोस सुराग हाथ लगे है, हालांकि अभी उनका खुलासा नहीं किया जा रहा है। ज्योति 'ट्रैवल विद जो' नामक यूट्यूब चैनल चलाती है।

### अब घटनाक्रम की कड़ियों को जोड़ रहे

हिसार के एसपी शशांक कुमार सावन ने कहा कि ज्योति की यात्रा के विवरण की जांच कर रहे हैं, क्योंकि उसने पाक, चीन और कुछ अन्य देशों की यात्रा की थी। घटनाक्रम की कड़ियों को जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि उसने किन देशों की यात्रा की और किस क्रम में। एनआईए की टीम ने हिसार में डेरा डाला है। टीम ने सोमवार को भी 7 घंटे तक ज्योति से गहन पूछताछ की थी।



### लैपटॉप और मोबाइल खंगाले

जांच एजेंसियों ने 5 मोबाइल व लैपटॉप कब्जे में लिया है। इन्हें खंगाला जा रहा है, ताकि महत्वपूर्ण जानकारियां हासिल की जा सके। जांच एजेंसियों ने ज्योति के 3 मोबाइल व एक लैपटॉप, कुरुक्षेत्र निवासी व हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के कर्मचारी हरकीरत सिंह के 2 मोबाइलों को जब्त किया है। पमोबाइल डेटा के बारे में अभी रिपोर्ट नहीं आई है। वहीं ज्योति का वित्तीय लेन-देन भी जांच के दायरे में है। उसके खातों की भी जांच की जा रही है।

### अली हसन ने की थी बात

ज्योति की पाकिस्तानी हैंडलर के साथ व्हाट्सएप चैट मिली है। आईएसआई ज्योति के जरिए भारत के रॉ एजेंट्स की मौजूदगी का पता लगाना चाहती थी। ज्योति और पाक खुफिया एजेंसी के अधिकारी अली हसन के बीच हुई चैट का खुलासा हुआ है। इसमें हसन ने ज्योति से पूछा था कि जब वह अटारी बॉर्डर गई थी, तब उसे वहां कोई अंडरकवर पर्सन मिला था क्या। ज्योति और अली हसन ने इस मुद्दे पर लंबी बातचीत की थी। इसी वजह से ज्योति से पूछताछ में एनआईए शामिल हुई है।

### सेना के खिलाफ कमेंट करने वाले प्रोफेसर अली खान को भेजा जेल



**सोनीपत।** ऑपरेशन सिंदूर के बाद सेना के खिलाफ टिप्पणी करने वाले अशोका यूनिवर्सिटी के राजनीति विज्ञान विभाग के प्रमुख एवं एसोसिएट प्रोफेसर अली खान महमूदाबाद को सोनीपत की एक अदालत ने 27 मई तक न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया, जिन्हें 'ऑपरेशन सिंदूर' से संबंधित सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर गिरफ्तार किया गया था। उनके वकील कपिल बाल्यान ने कहा कि अली को दो दिन की पुलिस हिरासत बीत जाने के बाद एक अदालत में पेश किया गया। 'पुलिस ने उनकी हिरासत 7 दिन बढ़ाने की मांग की। बहस के दौरान पुलिस हिरासत बढ़ाने का विरोध किया... अदालत ने उन्हें 27 मई तक न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।'

### यूट्यूब चैनलों पर आपत्तिजनक सामग्री की जांच होगी : सीएम

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि सरकार ऐसे यूट्यूबरों पर पाबंदियां लगाएगी जो देश विरोधी गतिविधियों में लिप्त हैं। इसके लिए बाकायदा एसओपी बनाया जाएगा। इसमें खास तौर पर पाकिस्तान का गुणगान करने वाले यूट्यूबरों पर सख्ती बरती जाएगी। मंगलवार को सैनी ने चंडीगढ़ में गृह एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों के साथ रिव्यू मीटिंग की। जिसमें ज्योति मल्होत्रा समेत प्रदेश से पकड़े गए 5 पाकिस्तानी जासूसों को लेकर चर्चा हुई। सीएम ने अधिकारियों को आदेश दिए कि ज्योति मल्होत्रा जैसे केस फिर सामने न आएं, इसलिए पाकिस्तान से किसी भी तरह जुड़े यूट्यूब चैनलों पर नजर रख उनका डेटा खंगालें। (पेज दो भी देखें)



सैनी ने की अपराध और कानून व्यवस्था की समीक्षा

### 'यात्री डॉक्टर' यूट्यूबर चौधरी से पूछताछ करेगी हरियाणा पुलिस

**बहादुरगढ़।** नई दिल्ली स्थित पाकिस्तानी दूतावास में पाकिस्तान के गेस्ट बने यूट्यूबर नवांकुर चौधरी भी पुलिस के राडार पर हैं। ज्योति मल्होत्रा के साथ नवांकुर की फोटो वायरल हुई थी। इसके बाद पुलिस ने उनके पिता से पूछताछ की है। नवांकुर यूट्यूब पर 'यात्री डॉक्टर' के नाम से चैनल चलाते हैं। नवांकुर ने पाक की यात्रा कर उसका वीडियो अपने यूट्यूब चैनल पर शेयर किया था। मूल रूप से रोहतक के रहने वाले नवांकुर का परिवार अब बहादुरगढ़ के सेक्टर 9 में रहता है। नवांकुर फिलहाल आयरलैंड में हैं, उनकी वतन वापसी होते ही पुलिस उनसे पूछताछ करेगी। बहादुरगढ़ के डीसीपी मयंक मिश्रा ने यह जानकारी दी।



नवांकर चौधरी के आयरलैंड से लौटने का इंतजार



## कर्नाटक में बारिश से 8 की मौत, सैकड़ों घर डूबे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश के कई राज्यों में मंगलवार को बारिश हुई। कर्नाटक में तेज बारिश के कारण 8 लोगों की मौत हुई है। बेंगलुरु में भारी बारिश के कारण 500 से ज्यादा घरों में पानी भर गया। शिवगंगा जिले के मल्लाकोट्टई में पत्थर की खदान में ढह गई। इस घटना में 5 मजदूरों की मौत हो गई। रेस्क्यू टीम ने 4 शव बरामद किए हैं। एक मजदूर घायल हुए है, उसका इलाज जारी है। अधिकारियों ने बताया कि यहां तेज बारिश हो रही है, चट्टान को ब्लास्ट किया गया था, इसी दौरान वह ढह गई। वहीं, महाराष्ट्र के ठाणे में भी मंगलवार दोपहर 4 मंजिला इमारत का स्लैब ढह गया। इस घटना में एक बच्चे समेत 4 लोगों की मौत हो गई। 4 लोग घायल भी हुए हैं। अधिकारियों के मुताबिक बारिश के बाद यह घटना हुई। झारखंड में बिजली गिरने से 5 मौतें हुईं। मौसम विभाग ने एमपी-यूपी समेत 13 राज्यों में आंधी-बारिश के साथ तूफान का अलर्ट जारी किया था।

■ महाराष्ट्र और झारखंड में भी 9 की जान गई

■ एमपी-यूपी समेत 13 राज्यों में आंधी-बारिश के साथ तूफान का अलर्ट

### दिल्ली-हरियाणा में हीटवेव का अलर्ट

मौसम विभाग ने राजस्थान, दिल्ली, हरियाणा और चंडीगढ़ में हीटवेव की चेतावनी जारी की है। मैदानी इलाकों में मध्य प्रदेश के खजुराहो में पारा 46 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। उत्तर प्रदेश का बांदा 46.6 डिग्री के साथ देश में सबसे ज्यादा गर्म रहा। हरियाणा में अधिकतम पारा 45 डिग्री सेल्सियस के पार चल रहा है। मौसम विभाग का कहना है कि सप्ताह के अंत तक तापमान 47 डिग्री सेल्सियस को पार कर सकता है।

## खबर संक्षेप

### फरीदाबाद लघु सचिवालय में बम की धमकी

**फरीदाबाद।** लघु सचिवालय में दूसरी बार बम होने की झूठी धमकी मिली, जिससे हड़कंप मच गया। जांच में कोई भी संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि सेक्टर 12 स्थित लघु सचिवालय में बम होने संबंधी ऐसा ही एक ई-मेल तीन अप्रैल को भी प्राप्त हुआ था। दूसरी धमकी सुबह करीब साढ़े छह बजे पुलिस उपायुक्त विक्रम सिंह के ई-मेल आईडी पर भेजी गई। हरिभूमि न्यूज

### देश में कोरोना से दो की मौत, 257 केस

**नई दिल्ली।** भारत में 12 मई से अब तक कोविड-19 वायरस के केवल 257 मामले सामने आए हैं। मुंबई के केईएम अस्पताल में दो कोविड पॉजिटिव मरीजों की मौत हो गई। दोनों गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे थे। एक मरीज को ओरल कैंसर था, जबकि दूसरा नेफ्रोटिक सिंड्रोम से जूझ रहा था। हालांकि, बीएमसी ने यह स्पष्ट किया है कि दोनों मौतें कोविड-19 की वजह से नहीं, बल्कि उनकी बीमारी की वजह से हुई थीं। स्वास्थ्य मंत्रालय हालात पर नजर बनाए हुए है।

### आतंकी 'मॉड्यूल' का भंडाफोड़, छह गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने पाक समर्थित बब्बर खालसा इंटरनेशनल के आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है और बटाला में शराब की दुकान के बाहर ग्रेनेड हमले की कोशिश में शामिल छह सदस्यों को गिरफ्तार किया है। मॉड्यूल को आतंकी हरविंदर सिंह रिंदा के कहने पर मनिंदर बिल्ला और मन्नू अगवान चला रहा था। भाषा

### माउंट एवरेस्ट फतह करने वाली सीआईएसएफ की पहली कर्मी गीता समोता

**नई दिल्ली।** सब इंस्पेक्टर गीता सामोता केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के 56 साल के इतिहास में दुनिया की सबसे ऊंची चोटी माउंट एवरेस्ट पर चढ़ने वाली पहली कर्मी बन गई हैं। सीआईएसएफ के प्रवक्ता ने यह जानकारी दी। भाषा

## प्रसिद्ध खगोल वैज्ञानिक जयंत का 86 वर्ष की उम्र में निधन



प्रख्यात खगोल वैज्ञानिक को पद्म विभूषण से किया जा चुका सम्मानित

राष्ट्रपति मुर्मू, पीएम मोदी समेत तमाम नेताओं ने जताया शोक

भाषा ▶▶| पुणे (महाराष्ट्र)

प्रख्यात खगोल वैज्ञानिक, सरल तरीकों से विज्ञान को लोगों को रूबरू कराने वाले पद्म विभूषण से सम्मानित डॉ. जयंत विष्णु नारलीकर का मंगलवार को पुणे में निधन हो गया। वह 86 वर्ष के थे। उनके परिवार के सूत्रों ने यह जानकारी दी। भारतीय विज्ञान जगत की जानी-मानी हस्ती डॉ. नारलीकर को व्यापक रूप से ब्रह्मांड विज्ञान में उनके अग्रणी योगदान, विज्ञान को लोकप्रिय बनाने के उनके प्रयासों और देश में प्रमुख अनुसंधान संस्थानों की स्थापना के लिए जाना जाता था। डॉ. नारलीकर ने देर रात नींद में ही आखिरी सांस ली और मंगलवार सुबह अपनी आंख नहीं खोलीं। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने घोषणा की कि उनका अंतिम संस्कार पूरे राजकीय सम्मान के साथ किया जाएगा। उनके निधन पर राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू और पीएम नरेंद्र मोदी ने शोक जताया है। 19 जुलाई 1938 को जन्मे डॉ. नारलीकर ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा बनारस हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) परिसर में ही पूरी की, जहां उनके पिता विष्णु वासुदेव नारलीकर प्रोफेसर और गणित विभाग के प्रमुख थे।

## अब पूर्व मुख्य सचिव टीवीएसएन प्रसाद होंगे मुख्य सूचना आयुक्त

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** पूर्व मुख्य सचिव टीवीएसएन प्रसाद राज्य के नए मुख्य सूचना आयुक्त होंगे। राज्य सरकार ने उन्हें सेवानिवृत्त होने के बाद तोहफा दिया है। सीएम नायब सिंह सैनी व पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा की मौजूदगी में चयन समिति की मंगलवार को चंडीगढ़ में बैठक के दौरान प्रसाद के नाम को मंजूरी दी गई। मुख्य सूचना आयुक्त के लिए चिन्हित किए गए तीन नामों में से टीवीएसएन प्रसाद के नाम पर सहमति बनी। इसके अलावा 7 राज्य सूचना आयुक्तों के पदों के लिए बैठक में 21 नामों पर चर्चा हुई। जिनमें से 5 नामों पर सहमति बन गई दो नाम अभी लंबित रख लिए गए हैं। मुख्य सूचना आयुक्त के पद पर नियुक्ति की झंडी मिलने के बाद टीवीएसएन प्रसाद ने मुख्यमंत्री नायब सैनी और पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा का आभार जताया और राज्यपाल बंडारु दत्तात्रेय से राजभवन में मुलाकात की। रिटायर्ड एचसीएस अमरजीत के राज्य सूचना आयुक्त बनने की सूचना है।



सीएम और हुड्डा की मौजूदगी में हुई चयन समिति की बैठक में फैसला

जल्दी जारी होंगे आदेश, राज्यपाल से मिले प्रसाद

**सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला**

### निचली कोर्ट में जज बनने को तीन वर्ष की प्रैक्टिस जरूरी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने निचली अदालतों में जजों की नियुक्ति पर अहम फैसला सुना दिया है। कोर्ट ने कहा कि सभी हाईकोर्ट और राज्य नियमों में संशोधन करें, ताकि सिविल जज सीनियर डिवीजन के लिए विभागीय परीक्षा के जरिए 10% पदोन्नति को बढ़ाकर 25% करें। साथ ही अदालत ने सिविल जज जूनियर डिवीजन परीक्षा में बैठने के लिए 3 साल की न्यूनतम प्रैक्टिस की आवश्यकता को बहाल किया है। इसके अलावा, राज्य सरकारें सिविल जज सीनियर डिवीजन के लिए सेवा नियमों में संशोधन करके इसे 25% तक बढ़ाएंगी। सभी राज्य सरकारें नियमों में संशोधन करके यह सुनिश्चित करेंगी कि सिविल जज जूनियर डिवीजन के लिए परीक्षा में शामिल होने वाले किसी भी उम्मीदवार के पास कम से कम 3 साल की प्रैक्टिस का अनुभव होना चाहिए।

**सुप्रीम कोर्ट ने दिए निर्देश, जिला और तालुका स्तर तक अधिकारी की नियुक्ति हो**

*घरेलू हिंसा से पीड़ितों की सुरक्षा और कल्याण पर ध्यान दें, सभी प्रावधानों का प्रचार और जागरूकता भी फैलाएं*

## घरेलू हिंसा से महिलाओं की सुरक्षा को संरक्षण अधिकारी नियुक्त करें राज्य

भाषा ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को निर्देश दिया कि वे जिला और तालुका स्तर पर महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों की पहचान करें और उन्हें संरक्षण अधिकारी के रूप में नामित करें। संरक्षण अधिकारी नियुक्त किया गया ऐसा व्यक्ति होता है जिसका कार्य घरेलू हिंसा के पीड़ितों की सुरक्षा और कल्याण सुनिश्चित करना होता है। न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों और महिला एवं बाल/समाज कल्याण विभागों के सचिवों को घरेलू हिंसा अधिनियम के तहत अधिकारियों को संरक्षण अधिकारी के रूप में नामित करने के लिए समन्वय स्थापित करने और संबंधित कार्य सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

■ महिलाओं को मुफ्त कानूनी सहायता और अधिकारों के बारे में बताएं

### व्यापक प्रचार करें



सुप्रीम कोर्ट ने कहा, 'वे अधिनियम के प्रावधानों के बारे में जागरूकता बढ़ाने, अधिनियम के तहत सेवाओं का प्रभावी समन्वय सुनिश्चित करने और इसके प्रावधानों को लागू करने के लिए मीडिया के माध्यम से व्यापक प्रचार करके धारा 11 के तहत अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने के लिए भी कदम उठाएंगे।' पीठ ने निर्देश दिया कि उन क्षेत्रों में यह कार्य आज से छह सप्ताह के भीतर पूरा किया जाए, जहां सुरक्षा अधिकारी नियुक्त नहीं हैं।

### आश्रय गृहों की उपलब्धता सुनिश्चित करें

शीर्ष अदालत ने कहा, 'राज्यों को संकटग्रस्त महिलाओं के लिए सेवा प्रदाताओं, सहायता समूहों और आश्रय गृहों की उपलब्धता सुनिश्चित करनी होगी। प्रतिवादी राज्यों को भी इस उद्देश्य के लिए आश्रय गृहों की पहचान करनी होगी।' पीठ ने विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम के तहत अधिकारों को रेखांकित करते हुए राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के सदस्य सचिव को आदेश दिया कि वे राज्य विधिक सेवा प्राधिकरणों के सभी सदस्य सचिवों को निर्देश दें कि वे घरेलू हिंसा अधिनियम के तहत मुफ्त कानूनी सहायता और सलाह के अधिकार के बारे में जागरूकता फैलाएं।




## खबर संक्षेप

### आढ़ती के मुंशी का गला रेत दिया

**गुरुग्राम।** शहर थाना एरिया में ओल्ड रेलवे रोड पर आढ़ती के मुंशी की गला रेतकर हत्या किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस को दी शिकायत में मनोज ने बताया कि उसका भाई सतीश उर्फ छंगा सुभाष नगर में रहता था। वह खांडसा मंडी में आढ़त पर मुंशी का काम करता था। वह रोजाना सुबह 5 बजे खांडसा मंडी काम पर जाता था और दोपहर 2 बजे तक घर लौट आता था। 19 मई को सतीश ने अपनी दोपहर में घर लौटा, लेकिन शाम 4 बजे वह अपनी मारुति फ्रॉन्क्स गाड़ी लेकर घर से निकला। रात करीब 12 बजे सूचना मिली कि सतीश पर ओल्ड रेलवे रोड के पास आरडीएस वाइन शॉप के निकट किसी ने गले पर तेजधार हथियार से वार किया है। जिससे उसकी मौत हो गई।

### ऑटो पलटने से एक की मौत, तीन घायल

**गुरुग्राम।** भोंडसी थाना एरिया में तेज रफ्तार ऑटो पलटने से ऑटो में सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई। जबकि दो युवती सहित तीन घायल हो गए। जिनका अलग-अलग जगह अस्पताल में उपचार चल रहा है। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया और ऑटो चालक पर केस दर्ज कर लिया। पुलिस को दी शिकायत में यूपी के अलीगढ़ निवासी पुष्कर ने कहा कि वह गुडग़ांव के स्थित एक कम्पनी में काम करता है। बीती 17 मई की सुबह कंपनी से डयूटी करने के बाद वह अपने घर के लिए सुभाष चौक से सोहना के लिए ऑटो में सवार हुआ। चालक तेज रफ्तार से ऑटो चला रहा था। सुबह करीब 7.50 बजे ऑटो पलट गया।

# देशद्रोह में गिरफ्तार हकीम ताज मुहम्मद चार बार जा चुका पाक

**अदालत ने चार दिन के रिमांड पर भेजा, बैंक खातों व उसके विदेशी संबंधों की जांच करेगी पुलिस**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

फेसबुक पर पाकिस्तान के पक्ष में पोस्ट शेयर करने और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह से संबंधित वीडियो को एडिट कर वायरल करने के मामले में गिरफ्तार देशद्रोह के आरोपी हड्डियों के हकीम डॉ. ताज मोहम्मद उर्फ मुश्ताक अहमद को मंगलवार को फतेहाबाद की चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट सूयशा जावा की कोर्ट में पेश किया गया। पुलिस ने कोर्ट से आरोपी के लिए 7 दिन के रिमांड की मांग की। वकीलों से खचाखच भरी अदालत में पुलिस ने कोर्ट को बताया कि आरोपी ने प्राथमिक पूछताछ में माना है कि वह 4 बार पाकिस्तान जा चुका है।

#### मलेरकोटला में बैंक खाता

उसका पासपोर्ट मलेरकोटला में रहने वाले उसके लड़के के पास है। फतेहाबाद के अलावा मलेरकोटला में भी उसका बैंक खाता है। सीजीएम कोर्ट ने उसे 4 दिन के रिमांड पर पुलिस को सौंप दिया है। बता दें कि इस मामले में फतेहाबाद पुलिस ने भाजपा जिला उपाध्यक्ष जगदीश राय शर्मा की शिकायत पर मुश्ताक के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी और गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। इसके बाद मंगलवार को पुलिस प्रोडक्शन वारंट पर



ताज मुहम्मद को हिसार जेल से लेकर आई और सीजीएम सूयशा जावा की कोर्ट में पेश कर पुलिस रिमांड की मांग की। कोर्ट में पुलिस की ओर से डीएसपी जयपाल सिंह, सिटी एसएचओ ओमप्रकाश जांच अधिकारी के साथ पेश हुए। अभियोजन पक्ष से एडवोकेट राकेश गर्ग जबकि आरोपी पक्ष से एडवोकेट विनय शर्मा पेश हुए।

कोर्ट में पुलिस ने रिमांड की मांग करते हुए कहा कि पुलिस जांच करेगी कि डॉ. ताज मुहम्मद के सम्पर्क कहां-कहां पर और किस-किस देश में है। इसके अलावा बरामद किए गए मोबाइल फोन का डाटा भी रिकवर किया

■ आरोपी ने सोशल मीडिया पर पाकिस्तान के पक्ष में पोस्ट भी शेयर की थी

■ पंजाब के मलेरकोटला में रह रहे उसके बेटे से पासपोर्ट बरामद करेगी पुलिस

जाएगा। इसका किसी पाकिस्तान एजेंसी के साथ सम्पर्क है या नहीं, इस बारे भी जांच पड़ताल की जाएगी। इसके अलावा डॉ. ताज मुहम्मद के पासपोर्ट को उसके लडक़े शमशाद अहमद के मलेरकोटला, पंजाब स्थित घर से बरामद किया जाना है। पासपोर्ट जब्त कर यह पता करना है कि वह किस-किस देश में गया है और वहां कितने दिन रूका था। इसके अलावा उसके पंजाब के मलेरकोटला व फतेहाबाद के बैंक खातों की भी पुलिस जांच करेगी कि इसके द्वारा विदेशों में पैसों का आदान-प्रदान किया गया है या नहीं। ताज मुहम्मद उर्फ मुश्ताक अहमद की फेसबुक

#### केस दर्ज होने पर अस्पताल में भर्ती हो गया था आरोपी

बता दें कि फतेहाबाद में ताज मोहम्मद के नाम से हड्डी रोग व जोड़ रोग विशेषज्ञ की दुकान चलाने वाले मुश्ताक अहमद पहले भी विवादों में रह चुके है। उनके द्वारा अपनी फेसबुक आईडी पर कई ऐसी पोस्ट शेयर की गई थी जो पाकिस्तान के समर्थन में थी। इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह की वीडियो एडिट करके डाला गया था। इन फेसबुक पोस्ट के माध्यम से पाकिस्तान को ऊंचा दिखाने और भारत को नीचा दिखाने की कोशिश की गई थी। इस पर भाजपा नेताओं ने कड़ी आपत्ति दर्ज करवाई थी और पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई। इसके बाद पुलिस की टीम पूछताछ के लिए जैसे ही डॉ. ताज मोहम्मद घर पहुंची, उसकी तबीयत बिगड़ गई। उसे अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। बाद में हालत ठीक होने पर उसे गिरफ्तार कर हिसार जेल भेज दिया था। अब ताज मोहम्मद को पुलिस 24 मई को कोर्ट में पेश करेगी।

पोस्ट पर दिलवर हुसैन निवासी मलेरकोटला, पंजाब ने भी आपत्तिजनक पोस्ट डाली, उसको भी पुलिस द्वारा पूछताछ की जाएगी। अदालत को बताया गया कि ताज मुहम्मद के साथी दिलवर हुसैन ने उसे यह वीडियो बनाकर दी थी।

## बहादुरगढ़ : 'यात्री डॉक्टर' नवांकुर चौधरी पर पुलिस ने कसा शिकंजा

**बहादुरगढ़।** पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा की गिरफ्तारी के बाद 'यात्री डॉक्टर' यानी नवांकुर चौधरी का नाम भी सुर्खियों में है। लेकिन परिवार व आसपास के कुछ लोगों ने उससे जुड़ी चर्चाओं, खबरों को मात्र अफवाह बताया है। उनका कहना है कि वह निर्दोष है और जल्द ही सच्चाई सबके सामने आ जाएगी। रोहतक मूल के नवांकुर का लिंक बहादुरगढ़ से है। आमतौर पर विदेशों तथा दूसरे शहर में घूमने वाले नवांकुर का परिवार यहां सेक्टर 9 में रहता है। सोमवार की देर रात को पुलिस भी उसके मकान पर गई थी और परिजनों से पूछताछ कर लौट गई। बाकी किसी तरह की कोई एजेंसी यहां जांच के लिए यहां नहीं आई है। दरअसल, पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी को संवेदनशील जानकारी देने के आरोप में गिरफ्तार यू ट्यूबर ज्योति मल्होत्रा के साथ उसकी कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हैं। लोगों द्वारा उन फोटो का हवाला देकर तरह तरह के आरोप लगाकर उसे ट्रोल किया जा रहा है। हालांकि नवांकुर ने भी एक वीडियो जारी कर तमाम आरोपों का खंडन किया है। नवांकुर का कहना है कि वह फिलहाल आयरलैंड में है और उसने कुछ भी गलत नहीं किया है। जब भी इंडिया आउंगा तो जांच के लिए तैयार हूं। कुछ गलत हुआ तो बेशक पकड़कर जेल में डाल देना। उसने मीडिया पर चल रहे ट्रायल को भी दुर्भावनापूर्ण करार दिया है। खैर, असल हकीकत तो जांच के बाद ही सामने आ सकेगी। लेकिन परिजनों और आसपास रहने वाले कुछ लोगों ने भी नवांकुर को लेकर चल रही खबरों तथा चर्चाओं को आधारहीन बताया है। पिता नवीन धनखड़ ने कहा कि नवांकुर किसी तरह का जासूस नहीं है।

■ नवांकुर अभी आयरलैंड में, पुलिस ने परिवार से की पूछताछ

#### पुलिस अधिकारी बोले- जानकारी जुटा रहे

वह एक कार्यक्रम में पाकिस्तान गया था और वह अब तक 144 देशों में घूम चुका है। उसे घूमने का शौक है। वह फिलहाल आयरलैंड में है। जब भारत लौटेगा तो पुलिस उससे पूछताछ कर सकती है। वहीं, डीसीपी मयंक मिश्रा ने कहा कि उसके बारे में जानकारी जुटाई जा रही है, लेकिन अभी पाकिस्तान का जासूस होने जैसी कोई ऐसी जानकारी नहीं मिली है। बता दें कि नवांकुर चौधरी एमबीबीएस डॉक्टर है। वर्ष 2015 में मद्रास मेडिकल कॉलेज से पढ़ाई की थी। उसे शुरु से ही यात्रा करने का शोक था। अपने इस शोक को पूरा करने के लिए उसने डॉक्टरी छोड़ी।

## नोमान को अदालत ने फिर चार दिन के रिमांड पर भेजा

**पानीपत।** पानीपत में पाकिस्तान के लिए जासूसी के आरोप में पकड़े गए नोमान इलाही मूल निवासी कैराना, जिला शामली, उत्तर प्रदेश का मंगलवार को सात दिन का रिमांड पूरा हो गया। रिमांड अवधि पूरी होने के बाद उसे सीआईए वन ने कोर्ट में पेश किया गया। इधर, अदालत ने पुलिस का पक्ष सुनने के बाद नेमान इलाही का चार दिन का

**डायरी बरामद नहीं कर पाई पुलिस**

रिमांड और मंजूर किया। वहीं सीआईए वन, नोमान से सघन पूछताछ कर रही है। वहीं पुलिस, नोमान से सात दिन के रिमांड में उसकी डायरी बरामद नहीं कर पाई है। पुलिस को शक है कि इसी डायरी में नोमान ने सभी टास्क लिखे हुए थे। डायरी के लिए पुलिस उसके पानीपत और कैराना स्थित घर भी गई। हालांकि, यहां उन्हें कुछ नहीं मिला। पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में पकड़े गए आरोपी नोमान इलाही मूल निवासी कैराना, जिला शामली, उत्तर प्रदेश को पुलिस ने मंगलवार को सात दिन की पुलिस रिमांड खत्म होने पर कोर्ट में पेश किया था।

## अशोका यूनिवर्सिटी के छात्र प्रोफेसर के समर्थन में उतरे

**सोनीपत।** सोनीपत स्थित अशोका यूनिवर्सिटी के शिक्षकों के बाद, इसके छात्रों ने भी एसोसिएट प्रोफेसर अली खान महमूदाबाद की गिरफ्तारी को न केवल अकादमिक स्वतंत्रता का बल्कि उन सिद्धांतों का भी घोर उल्लंघन बताया है, जिनकी शिक्षा उन्होंने दी और जिनके लिए वे खड़े रहे। छात्रों ने महमूदाबाद की गिरफ्तारी को गलत बताते हुए उनकी तत्काल रिहाई की मांग भी की। हरियाणा पुलिस ने अशोका यूनिवर्सिटी के राजनीति विज्ञान विभाग के प्रमुख महमूदाबाद को रविवार को गिरफ्तार किया। उनके खिलाफ दो प्राथमिकी दर्ज की गईं और आरोप लगाया गया कि ऑपरेशन सिंदूर पर उनके सोशल मीडिया पोस्ट ने देश की संप्रभुता और अखंडता को खतरे में डाला। सोनीपत जिले के राई थाने में प्राथमिकी दर्ज की गईं।

## कार अनियंत्रित होकर स्कॉर्पियो से टकराई, तीन युवकों की मौत, दो गंभीर

**पानीपत।** जीटी रोड पर बने एलिवेटेड हाईवे पर लाल बत्ती चौक के पास कार बेकाबू होकर दूसरी लेन पर ला रही स्कॉर्पियो से जा टकराई। हादसे में 21 वर्षीय सचिन निवासी तहसील कैंप, पार्थ निवासी हुडा सेक्टर 11-12 और 22 वर्षीय माधव निवासी रामायणी चौक, पानीपत की मौत हो गई। तीनों दोस्त सोमवार को गर्मी अधिक होने के कारण खेत में बनी ट्यूबवेल पर नहाने के लिए गए थे। लौटते वक्त तीनों काल का ग्रास बन गए। बताया जा रहा है कि कार सचिन की थी और पार्थ उसे चला रहा था। वहीं हादसे में स्कॉर्पियो सवार दो लोग भी घायल हुए है। दोनों पंजाब के निवासी है। हादसे की सूचना पर दोनों के परिजन रात में ही पानीपत पहुंच गए थे। इसके बाद वह दोनों को अपने साथ ले गए। इधर, पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद तीनों दोस्तों के शव उनके परिजनों को सौंप दिए। पुलिस ने हादसे में क्षतिग्रस्त मृतकों की कार व स्कॉर्पियो केस की जांच के लिए इंपाउंड कर ली है। इधर, तीन दोस्तों की मौत से पानीपत निवासी दुखी है। जबकि मृतकों के परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। वहीं, मृतक सचिन तीन बहनों का इकलौता और सबसे छोटा भाई था। उसके पिता का काफी समय पहले निधन हो चुका है। सचिन का वेस्ट मटेरियल का कारोबार था। जबकि माधव मिगलानी के पिता का भी निधन हो चुका है। उसका एक बड़ा भाई है। दूसरी ओर, एलिवेटेड हाईवे पर हादसे के बाद यातायात जाम हो गया।

■ सभी दोस्त ट्यूबवेल पर नहाने के बाद घर लौट रहे थे

## लड़कियों से छेड़छाड़ के कारण की थी दोनों किशारों की हत्या

### पुलिस ने सात नाबालिगों को गिरफ्तार किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

बरटा गांव के दो युवकों की हत्या करने के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए डीएसपी हेडक्वार्टर बीर भान द्वारा 7 नाबालिगों को निरुद्ध किया गया है। डीएसपी बीर भान ने जानकारी देते हुए बताया कि गांव बरटा निवासी रोहताश की शिकायत अनुसार उसका 15 वर्षीय बेटा प्रिंस व उसके चाचा का लड़का अरमान दोनो हमउम्र तथा दोस्त थे।

#### ये था मामला

उनके गांव के ही दो युवक 3-4 दिन पहले उनके घर आए तथा कहने लगे की प्रिंस व अरमान उनकी बहनों के साथ छेड़खानी करते है। जिनको समझा देना, वरना अंजाम बुरा होगा। 18 मई की शाम करीब 6 बजे प्रिंस व अरमान दोनो घर से बाहर घूमने के लिए गए थे। जो घर वापिस नहीं आए। जो 19 मई की सुबह धनौरी ड्रैन के पास प्रिंस व अरमान की डेड बॉडी मिली। जिनके सिर व अन्य जगह पर तेजधार हथियारों की चोट के निशान थे। शिकायत के आधार पर थाना सदर में मामला दर्ज किया गया। सभी नाबालिग 15 से 16 वर्ष उम्र के है। लड़कियों से छेड़छाड़ की रंजिशन



कैथल। मृतक अरनाम और प्रिंस। (फाइल फोटो)

■ पुलिस ने नाबालिगों को अदालत में पेश किया, बाल सुधार भेजा

■ घर से बाहर घूमने निकले थे अरमान व प्रिंस, बाद में ड्रेन के पास मिले थे दोनों के शव

उक्त नाबालिगों द्वारा इस वारदात को अंजाम दिया गया। सभी नाबालिगों को न्यायालय के आदेशानुसार बाल सुधार गृह भेज दिया गया।

## नकाबपोश बदमाश सिक्योरिटी गार्ड व होमगार्ड को बंधक बनाकर यूरिया के सैकड़ों बैग ले गए

■ 15 से 20 के लगभग लोगों ने गोदाम पर धावा बोला, ट्रैक्टर में भरकर ले गए खाद

**यमुनानगर।** गांव ताजपुर स्थित यूरिया खाद के गोदाम पर सोमवार रात 15 से 20 नकाबपोस बदमाशों ने होमगार्ड व सिक्योरिटी गार्ड को बंधक बनाकर सैंकड़ों यूरिया खाद के बैग लूट लिए। आरोपी यूरिया खाद को ट्रैक्टर ट्राली में भरकर मौके से फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात बदमाशों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। ध्यान रहे की कुछ दिन पहले कृषि विभाग के अधिकारियों ने इस यूरिया खाद के गोदाम में अनियमितता पाए जाने पर सील किया था। जानकारी के अनुसार होमगार्ड अंकित ने बताया कि रात को उसकी ड्यूटी गांव ताजकपुर स्थित खाद के गोदाम पर लगी थी। वह ड्यूटी देने के लिए यूरिया खाद के गोदाम पर चला गया। वहां पर पहले से ही कुलदीप नाम का सिक्योरिटी गार्ड मौजूद था। वह दोनों रात को ड्यूटी दे रहे थे। रात को करीब दो बजे 15 से 20 नकाबपोश बदमाश गोदाम पर पहुंचे। आरोपियों ने आते ही उनके पास से मोबाइल छीन लिए और उन्हें बंधक बना लिया। आरोपियों ने उनके साथ मारपीट की। इसके बाद आरोपी साथ लेकर पहुंचे ट्रैक्टर ट्राली में यूरिया खाद के बैग भरकर मौके से फरार हो गए। आरोपियों के जाने के बाद उन्होंने मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने मामले की जांच के बाद केस दर्ज कर लिया।

#### कृषि विभाग ने सील किया था गोदाम

कृषि विभाग के अधिकारी डॉक्टर आदित्य डबास द्वारा इस यूरिया खाद के गोदाम को अवैध रूप से चलने के आरोप में सील किया था। उसे समय गोदाम में यूरिया खाद के करीब दो हजार बैग मौजूद थे। जांच के दौरान सामने आया था कि इस गोदाम को रतनपुर गांव में खोला जाना था मगर उसे रतनपुरा गांव में न खोल कर गांव ताजकपुर में खोला गया। इसी आधार पर विभाग द्वारा गोदाम को सील किया गया था।

## कुएं में गिरने से होमगार्ड जवान की मौत

**जींद।** गांव तलौडा में संदिग्ध हालात में कुएं में गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक होमगार्ड में डयूटीरत था। सदर थाना पुलिस ने इत्तफाकिया कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया है। गांव तलौडा निवासी अनिल (33) सोमवार शाम को संदिग्ध हालात के चलते गांव के कुएं में गिर गया। जिसे ग्रामीणों ने कड़ी मशक्त के बाद उसे कुएं से बाहर निकाल नागरिक अस्पताल पहुंचाया। जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक अनिल होमगार्ड में सदर थाना में तैनात था। सोमवार को वह ऑफ पर था। बताया जाता है कि अनिल कुएं पर पानी लेने गया था। पांव फिसलने के कारण वह कुएं में जा गिरा। घटना की सूचना पाकर सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और हालातों का जायजा लिया। पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम करा इत्तफाकिया कार्रवाई कर शव परिजनो को सौंप दिया है।

## गुरुग्राम : फर्नीचर शोरूम में आग लगी

**गुरुग्राम।** शहर के अतुल कटारिया चौक पर देर रात को एक फर्नीचर शोरूम में आग लग गई। आग इतनी भयंकर थी कि इसकी लपटें कई किलोमीटर दूर से देखी जा सकती थी। सूचना मिलते ही दमकल की एक के बाद एक करीब डेढ़ दर्जन से ज्यादा गाडियां मौके पर पहुंची। करीब 7 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। दमकल अधिकारी नरेंद्र सिंह के मुताबिक अतुल कटारिया चौक पर कृष्णा फर्नीचर के नाम से एक बड़ा फर्नीचर का शोरूम है। इस शोरूम में अज्ञात कारणों से टॉप फ्लोर पर आग लग गई। आग की लपटें देखकर देर रात करीब सवा 12 बजे लोगों से इसकी सूचना दमकल विभाग को दी। मौके पर भीम नगर फायर स्टेशन से दमकल की दो गाडिय़ों को मौके पर भेजा गया।

## पश्चिमी विक्षोभ के एक्टिव होने से 24 से फिर बदलेगा प्रदेश का मौसम

■ मौसम विशेषज्ञ के अनुसार, 24 को आंधी चलने की संभावना

**25 से सूर्य के रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश करने पर नौतपा शुरू होगा, भीषण गर्मी पड़ने के आसार**

सुरेन्द्र असीजा ▶▶ फतेहाबाद

प्रदेश में आंधी और बरसात के बाद मंगलवार को फिर गर्मी ने लोगों को बेहाल कर दिया। गर्मी का यह सिलसिला 23 मई तक चलने की संभावना है। 24 मई को एक ओर वेस्टर्न डिस्टबेंस के एक्टिव होने से मौसम फिर बदलेगा। 24 मई के बाद प्रदेश में फिर आंधी चलने की संभावना है। 25 मई को सूर्य रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश करेंगे और नौतपा की शुरूआत हो जाएगी। इसमें 9 दिन तक प्रचंड गर्मी पड़ने की संभावना है। पिछले दिनों तेज आंधी तूफान के बाद बारिश हुई लेकिन मंगलवार को पारा फिर आसमान पर पहुंच गया। लू चलने से लोग बेहाल दिखाई दिए। यहां का अधिकतम तापमान 44 डिग्री के ऊपर पहुंच गया जबकि न्यूनतम तापमान 29 डिग्री सेल्सियस रहा।

■ 23 मई तक मौसम परिवर्तनशील व गर्म रहने की संभावना

हिसार स्थित एचएयू के मौसम विभाग ने 23 मई तक मौसम परिवर्तनशील व गर्म रहने की संभावना जताई है। इस दौरान पश्चिमी खुश्क व हीट वेव चलने की संभावना है, जिससे दिन के तापमान में बढ़ोतरी होगी। मौसम विभाग ने 24 मई को प्रदेश में फिर पश्चिमी विक्षोभ के आंशिक प्रभाव की भविष्यवाणी की है, इस पश्चिमी विक्षोभ से मौसम में फिर बदलाव आएगा।



फतेहाबाद। गर्मी से बचने के लिए मुंह व सिर ढककर साइकिल पर जाती छात्रा।

#### धार्मिक मान्यताओं में नौतपा का ये महत्व

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार सूर्य के रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश करते ही नौतपा की शुरूआत हो जाती है। प्रत्येक वर्ष ज्येष्ठ महीने में ग्रीष्म ऋतु के साथ ही नौतपा की शुरूआत होती है। इस बार 25 मई को सूर्य रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश करेंगे और 8 जून तक रोहिणी नक्षत्र में ही रहेंगे। इस दौरान पृथ्वी को चंद्रमा की शीतलता नहीं मिल पाती है। इस कारण पृथ्वी का तापमान बढ़ जाता है। सूर्य रोहिणी नक्षत्र में 15 दिनों तक रहता है, लेकिन गर्मी का भयंकर रूप शुरुआती 9 दिनों में ज्यादा होता है। इन नौ दिनों को नौतपा कहा जाता है। इस बीच लू चलती है, आंधी और तूफान का अंदेशा बढ़ जाता है। ऐसे में किसी भी तरह के शुभ काम को करने की मनाही होती है।

#### 24 को प्रदेश मे बरसात की संभावना

राज्य में मौसम आमतौर पर 23 मई तक परिवर्तनशील व गर्म रहने की संभावना है। इस दौरान हवाओं में बार-बार बदलाव हो सकता है। राज्य में एक कम सक्रियता वाले पश्चिमी विक्षोभ के आंशिक प्रभाव से 23 मई तक बीच बीच में आंशिक बादल, हल्की से मध्यम गति से हवाएं चलने की संभावना है। इस दौरान राज्य के उत्तरी क्षेत्र के जिलों व दक्षिण व पश्चिमी क्षेत्रों में 21 को कुछ एक स्थानों पर हवाओं के साथ छिटपुट बूंदाबांदी या हल्की बारिश हो सकती है। 24 से एक और सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ के आंशिक प्रभाव से राज्य में 24 मई रात्रि से एक बार फिर से बारिश की संभावना बन रही है।

-डॉ. एमएल खिचड़
एचएयू मौसम विभाग हिसार

बता दें कि प्रदेश में पिछले दिनों भीषण आंधी तूफान ने काफी तबाही मचाई थी। उस समय मौसम विभाग ने 2-3 दिन तापमान में कमी की भविष्यवाणी की थी लेकिन एक बाद ही तापमान फिर प्रचंड रूप अख्तियार कर गया।

## लोकसभा की टिकट दिलवाने के लिए 100 करोड़ में हुई थी डील

**हांसी।** न्यू सुभाष नगर निवासी भाजपा नेता से लोकसभा चुनाव में पार्टी दिलवाने के नाम पर हुई लाखों रुपये की ठगी मामले में नया मोड़ आ गया है। प्रवीण गोदारा को हिसार लोकसभा सीट की टिकट दिलवाने के नाम पर 100 करोड़ रुपये में डील की गई थी। इस मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को सोमवार को दिल्ली और गुरुग्राम से गिरफ्तार कर लिया है, जबकि एफआईआर में चार लोगों को नामजद किया गया था। पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन ने मंगलवार को अपने कार्यालय प्रेस वार्ता कर मामले से जुड़ी अहम जानकारियों का खुलासा किया। उन्होंने बताया कि प्रवीण से डील दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय में मुलाकात के दौरान हुई थी, जहां आरोपियों ने खुद को शीर्ष नेतृत्व से जुड़ा हुआ बताते हुए गोदारा को लोकसभा टिकट दिलवाने का भरोसा दिलाया। दिल्ली में पार्टी के मुख्यालय में प्रवीण गोदारा की कपिल अग्रवाल और हर्ष अग्रवाल दो लोगों से मुलाकात हुई थी। इन लोगों ने प्रवीण को आश्वासन दिया कि उन्हें हिसार लोकसभा का टिकट दिलवा देंगे। गोदारा की नॉर्थ एवेन्यू में हरपाल सिंह और आशीष पाठक से मुलाकात हुई थी। और वहां 100 करोड़ में पार्टी टिकट दिलवाने की डील हुई थी। जिसमें 30 करोड़ एडवांस तथा 70 करोड़ रुपए टिकट मिलने के बाद देना फाइनल हुआ। पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन ने कहा कि आगे हुई मुलाकातों में प्रवीण गोदारा ने 63 लाख 88 हजार रुपये आरोपियों के खातों में ऑनलाइन ट्रांसफर कर दिए और यह खाते कपिल अग्रवाल के नाम पर थे और कपिल अग्रवाल ने यह रुपए खाते से निकाल कर आशीष पाठक को दे दिए। पुलिस ने इस मामले में सोमवार को दो लोगों को गिरफ्तार किया था। जिसमें एक की पहचान दिल्ली के राजेंद्र नगर निवासी कपिल और गुरुग्राम की दयाल मार्केट निवासी आशीष के रूप में हुई थी। पुलिस ने इन्हें गिरफ्तार कर 6 दिन के रिमांड पर लिया है। पुलिस इन्हें जांच के लिए दिल्ली लेकर गई हुई है। प्रवीण गोदारा ने इसकी शिकायत 22 अप्रैल 2025 को पुलिस को दी थी।

■ भाजपा नेता ने 63 लाख रुपये किए थे ऑनलाइन ट्रांसफर



#### दो फरार आरोपियों की तलाश में पुलिस

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि आरोपी एक संगठित गिरोह का हिस्सा हो सकते हैं, जो राजनीतिक महत्वाकांक्षा रखने वाले नेताओं को निशाना बनाकर इसी तरह की ठगी करते हैं। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ जारी है तथा दोनों नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीमों का गठन कर दिया गया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि एक आरोपी हरपाल ने अग्रिम जमानत के लिए कोर्ट याचिका दायर की थी लेकिन उनकी याचिका खारिज हो गई है। एसपी यशवर्धन ने बताया कि इस मामले से जुड़े और भी बड़े नाम सामने आ सकते हैं। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जिस आरोपी आशीष पाठक निवासी गुजराज से पैसा कपिल अग्रवाल के अकाउंट के माध्यम से आया था। उसकी ब्लू पैक नाम से आईटी कंपनी है। इसमें करंट अकाउंट चलता है और वह आशीष पाठक के नाम रजिस्टर्ड है।

